कलेक्टर मऊगंज ने 6 आदतन अपराधियों को किया जिला बदर

नवभारत न्यूज
मऊगंज, 6 जनवरी, कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी मऊगंज संजय कुमार जैन जिले में लोक शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए 6 आदतन अपराधियों को एक वर्ष के लिए जिला बदर के आदेश दिए हैं.

आदतन अपराधियों के संबंध में पुलिस अधीक्षक मऊगंज दिलीप कुमार सोनी द्वारा दिए गए जाँच प्रतिवेदन के आधार पर जिला बदर की कार्यवाही की गई है. जारी अलग-अलग आदेशों के अनुसार कृष्ण कुमार उर्फ लल्लू केवट पिता हरिवंश केवट आयु 45 वर्ष निवासी ग्राम बरावं, सद्दाम हुसैन पिता अब्दुल बहाव आयु 32 वर्ष निवासी ग्राम देवरा तथा सोनू उर्फ सानू उर्फ राहुल खान पिता मोहम्मद रफीक खान आयु 28 वर्ष निवासी ग्राम ठुर्रिहा को जिला बदर के आदेश दिए गए हैं.

इसी तरह अजय सिंह उर्फ अज्जू पिता वंशगोपाल सिंह आयु 30 वर्ष निवासी गनिगवां, पुरूषोत्तम उर्फ पारितोष पाण्डेय पिता राजकुमार पाण्डेय आयु 32 वर्ष निवासी ग्राम शिवपुरवा टिकरी तथा ऋगवेश मिश्रा उर्फ डिल्लू पिता नीरज उर्फ चंद्रिका प्रसाद मिश्रा आयु 30 वर्ष निवासी ग्राम घुरेहटा को भी जिला बदर के आदेश दिए गए हैं. इन सभी आदतन अपराधियों के विरूद्ध थाना क्षेत्रों में कई आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं. आमजनता की सुरक्षा तथा लोक शांति बनाए रखने के लिए इनके विरूद्ध जिला बदर की कार्यवाही की गई है.

एक साल तक थाने में देगा हाजिरी

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी मऊगंज संजय कुमार जैन ने आदतन अपराधी विपिन कुमार त्रिपाठी उर्फ बिप्पु पिता स्वर्गीय रामदरश त्रिपाठी आयु 46 वर्ष निवासी मिश्रमण्डल मऊगंज को थाने में हाजिरी के आदेश दिए हैं. आदतन अपराधी को एक वर्ष तक प्रत्येक 15 दिन में थाना मऊगंज में हाजिरी देने के आदेश दिए गए हैं. यह कार्यवाही मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 के तहत की गई है.

खाद वितरण केंद्र का निरीक्षण कर नायब तहसीलदार ने किसानों की सुनी समस्याएं

किसानों ने कहा वितरण में भारी अव्यवस्था, सुरक्षा के दृष्टि से तैनात रही गुढ़ पुलिस

नवभारत न्यूज
गुढ़, 6 जनवरी, जिले भर में खाद की किल्लत फिर से शुरू हो गई है. खाद न मिलने से किसानो में आक्रोश बढ़ता जा रहा है. जिन किसानो को 10 बोरी खाद चाहिए उन्हे सिर्फ दो बोरी ही मिल रही है. जिसके चलते हंगामे की स्थित भी बन रही है. वही किसान प्रशासन पर सहित तरीके से खाद वितरण न कराने और अव्यवस्था का आरोप लगा रहे है.

रबी सीजन की बुवाई के चलते खाद की बढ़ती मांग को देखते हुए विपरण केंद्र गुढ़ में नायब तहसीलदार महिमा पाठक ने मंगलवार को दोपहर खाद वितरण टोकन केंद्र व गोदाम पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया तथा किसानों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं जानी. इस दौरान किसानों ने बताया कि टोकन कटने के बाद गोदाम में लाइन लगाकर किसानों को खाद का वितरण किया जा रहा है. नायब तहसीलदार ने किसानों को आश्वस्त किया कि शासन स्तर पर खाद का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और हर किसान को उसकी जरूरत के अनुसार खाद समय पर मिलेगा.

भीड़ और अव्यवस्था को रोकने के लिए टोकन एक स्थान से तथा खाद वितरण दूसरे केंद्र से किया जा रहा है जिससे लाइन नियंत्रित रहती है और किसानों को आसानी से खाद मिल जाती है. गोदाम निरीक्षण के दौरान किसानों ने बताया कि टोकन के आधार पर व्यवस्थित लाइन बनाकर खाद वितरण किया जा रहा है. निरीक्षण के दौरान ग्राम सेवक अंकित तिवारी, पटवारी अंगद सिंह अहिरवार, न. प. फायर चालक इन्द्रकुमार त्रिपाठी, विपडन संघ कर्मचारी रजनीश तिवारी सहित विपरण केंद्र के कर्मचारी तथा गुढ़ थाना के ए यस आई सुरेश साकेत, प्रधान अ0 सत्यदेव पाण्डेय, अयोध्याप्रजापति मौजूद रहे.

वितरण केन्द्रों में किसान परेशान

गौरतलब है कि खाद वितरण केन्द्रो में खाद पाने किसानो की अच्छी खासी भीड़ उमड़ रही है . लेकिन अव्यवस्था के चलते उन्हे मांग अनुरूप खाद नही मिल पा रही है . जिससे आये दिन वितरण केन्द्रो में हंगामे की स्थित बन रही है . अभी दो दिन पूर्व सिरमौर के उमरी वितरण केन्द्र में किसानो ने हंगामा किया था . लेकिन इसके बाद भी उन्हे व्यवस्थित तरीके से खाद नही मिल रही है, हर जगह यही हाल है .

स्कूलों में 9 तक नहीं लगेंगी कक्षाएं

नवभारत न्यूज
मऊगंज, 6 जनवरी, कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन ने जिले के कक्षा नर्सरी से आठवीं तक की सभी कक्षाओं में 9 जनवरी तक अवकाश के आदेश दिए हैं.

लगातार तेज शीतलहर तथा तापमान में हो रही गिरावट को ध्यान में रखते हुए यह आदेश दिया गया है. इस अवधि में स्कूल खुलेंगे किन्तु उनमें कक्षा 8 तक की कक्षाएं संचालित नहीं होंगी. अवकाश अवधि में भी सभी शिक्षक स्कूलों में उपस्थित रहकर अन्य शासकीय कार्य संपादित करेंगे. गौरतलब है कि लगातार चल रही शीत लहर और गलन भरी ठंड से बच्चो के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर ने यह आदेश जारी किया है. इस ठंड से सबसे ज्यादा नुकसान बच्चो और बुजुर्गो को है.

रायपुर ब्लॉक के शिक्षकों को अब तक नहीं मिला वेतन, पारिवारिक भरण-पोषण पर संकट

नवभारत न्यूज
रीवा, 6 जनवरी, रीवा जिले के रायपुर विकासखंड अंतर्गत संचालित समस्त शासकीय विद्यालयों में पदस्थ शिक्षकों को आज दिनांक तक वेतन का भुगतान नहीं हो सका है.

वेतन न मिलने से शिक्षक वर्ग गंभीर आर्थिक परेशानियों से जूझ रहा है और दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति तक मुश्किल हो गई है. गौरतलब है कि रीवा जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट और सख्त निर्देश जारी किए गए हैं कि प्रत्येक माह की 1 तारीख को सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का वेतन अनिवार्य रूप से जारी किया जाए, बावजूद इसके रायपुर ब्लॉक में पदस्थ शिक्षकों को अब तक भुगतान नहीं किया गया है. शिक्षकों का कहना है कि संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की लापरवाही के कारण वेतन अटका हुआ है, जिसका सीधा असर उनके पारिवारिक जीवन पर पड़ रहा है. कई शिक्षकों को बच्चों की पढ़ाई, घर का खर्च, ऋण की किस्तें और दैनिक जरूरतों के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. शिक्षकों ने जिला प्रशासन से वेतन भुगतान की मांग की है.

समुचित कार्यवाही कराने कमिश्नर से मिला प्रतिनिधि मण्डल

नवभारत न्यूज
मऊगंज, 6 जनवरी, मऊगंज के चर्चित बीआरसी श्याम रजक के हाल ही में पीएम पोषण घोटाले के संबंध में सोशल मीडिया में चल रहे आडियो वीडियो के तारतम्य में कमिश्नर से शिकायत की गई.

समुचित जांच हेतु मऊगंज बीआरसी श्याम रजक को हटानें संबंधी मऊगंज कलेक्टर के नाम से 24 दिसम्बर को प्रेषित पत्र तथा कमिश्नर रीवा सम्भाग व डीपीसी रीवा को दी गई प्रतिलिपि पर न्यायपूर्ण आमजन अपेक्षानुरूप समुचित कार्यवाही करानें हेतु प्रतिनिधि मण्डल सम्भागीय कमिश्नर से मिलकर तत्काल कार्यवाही की मांग कर प्रशानिक कसावट बनाए रखनें का अनुरोध किया. कमिश्नर ने जांच कराकर समुचित कार्यवाही का आश्वासन दिया.

प्रतिनिधि मंडल में देश बचाओ आध्यात्मिक राष्ट्रीय पुनर्जागरण अभियान के राष्ट्रीय प्रचारक मुन्द्रिका प्रसादत्रिपाठी 'विश्वमित्र 'वरिष्ठ समाजसेवी व सहयोगी रामेश्वर गुप्ता व सेवानिवृत्त शिक्षक व सहयोगी वृजलाल तिवारी उपस्थित रहे.

बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अन्तर्गत कार्यक्रम का हुआ आयोजन

नवभारत न्यूज
मऊगंज, 6 जनवरी, महिला एवं बाल विकास परियोजना हनुमना क्रमांक 2 के तत्वाधान में ग्राम पंचायत हाटा में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम का आयोजन किया गया.

बालिका भ्रूण हत्या बंद करने, बाल विवाह रोकने, बच्चियों को पढ़ाई के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया. परियोजना अधिकारी शंखधर त्रिपाठी द्वारा 'स्वागत लक्ष्मी कार्यक्रम' के तहत बेटियों के जन्म पर उत्सव बनाने के लिए प्रेरित किया गया. विकासखंड समन्वयक सर्वेश सिंह गहरवार द्वारा 'बेटी नारी चौपाल कार्यक्रम' के तहत नारी सशक्तीकरण एवं बच्चियों की पढ़ाई के प्रति माता पिता का समर्पित योगदान करने हेतु प्रेरित किया गया.

जनसुनवाई के दौरान लोगों की समस्या सुनते मऊगंज कलेक्टर संजय जैन

पेयजल स्त्रोत के पास नाली, सोख्ता गड्ढा एवं सेप्टिक टैंक का निर्माण न करें

नवभारत न्यूज
मऊगंज, 6 जनवरी, कलेक्टर संजय कुमार जैन ने पेयजल स्त्रोत के समीप नाली, सोख्ता गड्ढ़ा एवं सेप्टिक टैंक का निर्माण न करने के निर्देश दिये हैं.

उन्होंने उक्त आदेश का पालन सुनिश्चित कराने हेतु सीईओ जिला पंचायत, सीएमओ नगर परिषद व सीईओ जनपद पंचायत को निर्देशित किया है. कलेक्टर ने कर्यक्षेत्र अन्तर्गत पेयजल हेतु स्थापित हैण्डपंप एवं पाईप लाईन की 9 मीटर की परिधि में तत्काल अभियान चलाकर कार्यवाही सुनिश्चित के निर्देश दिये हैं. उन्होंने कहा है कि यदि पीने के पानी की पाईप लाईन के पास से नाली गुजरती है तो उसकी संपूर्ण सफाई करावें यदि पाइप लाइन में लीकेज हो तो तत्काल सुधार कार्य करावें. पेयजल स्त्रोत के पास सेप्टिक टैंक का निर्माण यदि किसी द्वारा किया गया है तो तत्काल पाईप लाईन की जांच कर लीकेज का सुधार कार्य करावें और सेप्टिक टैंक को यदि संभव हो तो अन्यत्र स्थानान्तरित करावें. अन्यथा सेप्टिक टैंक व पाइप लाइन के बीच में स्थायी रूप से सेप्टिक टैंक के किसी भी प्रकार के प्रदूषण को पीने की पाइप लाइन व हैण्डपम्प में मिलने से रोकने का स्थायी प्रबंध करें. किसी भी स्थिति में नवीन सेप्टिक टैंक एवं नाली एवं सोख्ते का निर्माण हैण्डपंप व पीने की पाइप लाइन से न्यूनतम नौ मीटर की दूरी पर ही होना चाहिए. पीने के पानी की नियमित जांच करे.

कलेक्टर ने अनुकंपा नियुक्ति पत्र वितरित किए

रीवा, 6 जनवरी, कलेक्टर ने जिले के विभिन्न विभागों में सहायक वर्ग तीन एवं मृत्य के पदों पर नियुक्त अनुकंपा के आवेदकों को नियुक्ति पत्र वितरित किये तथा लगन व निष्ठा से शासकीय कर्तव्य निर्वहन की अपेक्षा की. कलेक्टर ने मनीष कुमार मिश्रा निवासी चंदई त्योंथर, सनत कुमार प्रजापति निवासी सथनी, रोहित दुबे तिवनी चौवियान टोला तिवनी, आदित्य मिश्रा निवासी खुझ तथा आदित्य प्रकाश गुप्ता को अनुकंपा नियुक्ति पत्र वितरित किये.

जनसुनवाई में पहुंची अवैध उत्खनन रोकने सहित मुआवजे की शिकायत

नवभारत न्यूज
मऊगंज, 6 जनवरी, मऊगंज कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर संजय कुमार जैन ने आमजनता के 33 आवेदन पत्रों में सुनवाई की.

जनसुनवाई में जमुना प्रसाद साकेत निवासी ग्राम कुलहा ने जमीन के पट्टे के लिए आवेदन दिया. कलेक्टर ने एसडीएम मऊगंज को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए. तेजा प्रसाद निवासी ग्राम लेडुआ ने जमीन से अवैध कब्जा हटाने के लिए आवेदन दिया. कलेक्टर ने तहसीलदार नईगढ़ी को आवेदन में कार्यवाही के निर्देश दिए. शिवप्रसाद मिश्रा निवासी ग्राम घुरेहटा ने उनकी जमीन से मिट्टी के अवैध उत्खनन पर रोक लगाने तथा आरोपी ठेकेदार अरविंद त्रिपाठी से मुआवजा दिलाने के लिए आवेदन दिया. कलेक्टर ने तहसीलदार मऊगंज को जमीन का सीमांकन कराने तथा भूमि विवाद पर समुचित कार्यवाही के निर्देश दिए. दिलीप पटेल निवासी ग्राम जुड़मनिया मुरली ने गांव में पेयजल व्यवस्था के संबंध में आवेदन दिया. कलेक्टर ने कार्यपालन यंत्री पीएचई को आवेदन में समुचित कार्यवाही के निर्देश दिए. भीमसेन मिश्रा निवासी ग्राम गोदरी ने खुले घूम रहे गौवंश के व्यवस्थापन के लिए आवेदन दिया. कलेक्टर ने उप संचालक पशुपालन तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मऊगंज को आवेदन में कार्यवाही के निर्देश दिए. इंद्रमणि यादव निवासी ग्राम देवरा ने पूर्व सरपंच अजय बहादुर सिंह द्वारा शासकीय ट्यूबवेल को कब्जे में लेकर सिंचाई के लिए किए जा रहे उपयोग को रोकने के लिए आवेदन दिया. कलेक्टर ने एसडीएम मऊगंज तथा कार्यपालन यंत्री पीएचई को ट्यूबवेल से अवैध कब्जा हटाने के लिए समुचित कार्यवाही के निर्देश दिए.

हनुमना के फोरलेन सड़क पर ठेला आदि लगाकर किया गया अतिक्रमण

हनुमना फोर लेन सड़क से हटाया जाए अतिक्रमण

नवभारत न्यूज
हनुमना, 6 जनवरी, मध्य प्रदेश शासन के द्वारा हनुमना नगर के रीवा मिर्जापुर मुख्य मार्ग के चौडीकरण एवं सौंदरीयकरण का आदेश पारित होने पर हनुमना के नगर वासियो में खुशी की लहर थी कि भाजपा सरकार में नगर का अत्यधिक विकास हो रहा है.

परंतु फोर लाइन सड़क किसी तरह से बन तो गई लेकिन सड़क बनने के तत्काल बाद पुनः फोरलेन सड़क के दोनों साइड की एक-एक सड़क पर लोगों ने अतिक्रमण कर दुकान सजा रखी है या फिर ठेले वह फुटपाथ की दुकानें लगा रहे हैं. जिसकी शिकायत के साथ ही समाचार पत्रों के माध्यम से भी कई बार उच्च अधिकारियों का ध्यान आकर्षित कराया गया. किंतु आज न तो हनुमना नगर परिषद अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी या अन्य शासन के प्रशासनिक अधिकारीयों ने इस ओर ध्यान दिया जबकि इसी मार्ग से उनका आवागमन रहता है पर उनके द्वारा भी अतिक्रमण को मूकदर्शक होकर देखना यह लोगों में चिंता का विषय है आखिर करोड़ों रुपए की लागत से बनाई गई जन सुविधा हेतु सड़क पर दुकान क्यों लगायी जा रही है यह सवाल हनुमना की जनता का जिले के प्रशासनिक अधिकारियों से है आज हनुमना नगर के में पुरानी गल्ला मंडी मार्ग जाने वाले रास्ते में चौकी लगाकर एवं ठेला को लगाकर मार्ग को सकरा बना दिया गया है आखिर किस रास्ते से ग्रामीण एवं स्थानीय लोगों का आना जाना हो जिस पर हनुमना बाजार के समाजसेवी एवं व्यापारी मुख्य रूप से भाजपा मंडल उपाध्यक्ष रितेश रोहीत केशरी वाहन कर्मचारी संघ सुरेश गुप्ता ,जगन्नाथ गुप्ता शिव बाबू गुप्ता विपिन मोबाइल सेंटर बल्लू सेठ नीरज गुप्ता रंजन सोनी आदि लोगों ने जिला कलेक्टर मऊगंज संजय जैन अनुविभागी अधिकारी रस्सी चतुर्वेदी , हनुमना यातायात पुलिस हनुमना थाना प्रभारी हनुमना मुख्य नगर पालिका अधिकारी हनुमना आदि का आकृष्ट कराते हुए नगर के सामाजिक लोगों ने यह मांग किया है कि हनुमना नगर का अतिक्रमण अति शीघ्र हटाया जाए ताकि आवागमन बाधित न हो. नही तो किसी भी दिन बडा हादसा हो सकता है.

अनुसूचित जाति महिलाओं के लिए लाभकारी है सावित्रीबाई फुले योजना

नवभारत न्यूज
रीवा, 6 जनवरी, सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण के लगातार प्रयास किए जा रहे हैं. अनुसूचित जाति की महिलाओं को आर्थिक आत्मनिर्भरता का अवसर देने के लिए अन्त्यावसायी सहकारी समिति द्वारा सावित्रीबाई फुले स्वसहायता समूह योजना लागू की गई है.

मुख्य कार्यपालन अधिकारी अन्त्यावसायी सहकारी समिति ने बताया कि अनुसूचित जाति की महिलाओं के स्वसहायता समूह को इस योजना के तहत प्रति सदस्य के मान से अधिकतम 2 लाख रुपए का ऋण दिया जा रहा है. भारत सरकार की विशेष केन्द्रीय सहायता के तहत समय-समय पर प्रति हितग्राही को 10 हजार रुपए का अनुदान भी दिया जाता है. अनुसूचित जाति वर्ग की 18 से 55 आयु वर्ग की महिलाएं इस योजना का लाभ उठा सकती हैं. इसके लिए सदस्य की वार्षिक आय शहरी क्षेत्र में 55 हजार रुपए तथा ग्रामीण क्षेत्र में 40 हजार रुपए वार्षिक से अधिक नहीं होनी चाहिए.

चोरहटा पुलिस के विरुद्ध पत्रकार महासंघ ने एसपी को सौंपा ज्ञापन

पुलिस अधीक्षक ने कार्यवाही करने का दिया आश्वासन

नवभारत न्यूज
अगड़ाल, 6 जनवरी. भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस अधीक्षक रीवा को एक शिकायती पत्र सौंप कर चोरहटा पुलिस की मनमानी व तानाशाही कार्यशैली के चलते एक पत्रकार के ऊपर रिपोर्ट में बिना जांच ही एफआईआर दर्ज कर दी गई वहीं मारपीट लड़ाई झगड़े के मामले में पत्रकार की तरफ से दूसरे पक्ष के ऊपर प्रकरण पंजीबद्ध नहीं किया गया।

जिस पर प्रांतीय अध्यक्ष ने पुलिस थाने में आपत्ति की तो थाने में पदस्थ पुलिस आरक्षक धर्मेन्द्र सिंह पटेल ने अभद्रता की जिसकी जानकारी जब पत्रकार साथियों को हुई तो वे सभी लोग आक्रोशित हो गए और अनुशासन हीन पुलिस आरक्षक के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही हेतु पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर मांग पत्र सौंपे जिस पर पुलिस अधीक्षक ने जांच करा कर कार्यवाही करने का आश्वासन पत्रकारों को दिए। मामला नव भारत समाचार पत्र के संवाददाता अशोक शुक्ला का है जिसमें दोनों भाइयों में लड़ाई झगड़ा मारपीट हुई छोटा भाई विनोद शुक्ला थाने जाकर रिपोर्ट लिखाया जिसमें पुलिस ने एक पत्रकार के ऊपर बिना जांच पड़ताल प्रकरण पंजीबद्ध कर दिया जब अशोक शुक्ला थाने रिपोर्ट लिखाने गए तो आरक्षक धर्मेन्द्र सिंह पटेल ने रिपोर्ट लिखने से मना कर दिया। जब प्रांतीय अध्यक्ष ने कानून का हवाला देते हुए कहा कि मारपीट एक दूसरे के साथ दोनों पक्षों ने किया है इसलिए विधि सम्मत दोनों पक्षों की रिपोर्ट लिखी जानी चाहिए तब आरक्षक धर्मेन्द्र पटेल ने अभद्रता के साथ बुरा भला कहने लगा और पत्रकार अशोक शुक्ला को एनसीआर कर मेडिकल परीक्षण के लिए रीवा भेज दिया गया , जब अशोक शुक्ला रीवा में थे उस समय चोरहटा से तीन पुलिस कर्मी अशोक शुक्ला के घर गए और विनोद को साथ लेकर घर की तलाशी लेने लगे घर में रही अशोक शुक्ला की पत्नी के साथ अश्लील व्यवहार करते हुए गाली गलौज किये जब अशोक शुक्ला घर आए तब उनकी पत्नी ने अपने साथ हुई घटना की जानकारी दी। चोरहटा पुलिस के इस तरह चंद पैसों में बिक जाने पर विधि विरुद्ध की जा रही कार्यवाहियों से पत्रकार साथी काफी आक्रोशित हो गए और पुलिस अधीक्षक को मांग पत्र सौंप कर कार्यवाही की मांग की। ज्ञापन सौंपते वक्त प्रांतीय अध्यक्ष पुरुषोत्तम मिश्रा, प्रांतीय उपाध्यक्ष वी के मिश्रा, प्रांतीय मीडिया प्रभारी दिलीप त्रिपाठी, संभागीय अध्यक्ष प्रभूनाथ पान्डेय, संभागीय कार्यकारी अध्यक्ष राहुल मिश्रा, संभागीय कार्यवाहक अध्यक्ष अमित पाठक, जिलाध्यक्ष रीवा एस एस गहरवार,कार्यालय प्रभारी शिवकुमार मिश्रा,अशोक शुक्ला आदि पत्रकार साथी उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने पैदल चलकर समूह के प्लांटेशन का किया अवलोकन

विस्थापित महिलाओं को भी आजीविका समूह से जोड़कर बनाए आत्म निर्भर

नवभारत न्यूज
सिंगरौली 6 जनवरी । कलेक्टर गौरव बैनल द्वारा सरई तहसील के भ्रमण के दौरान एक किलोमीटर पैदल चलकर ग्राम पंचायत गोड़बहरा के ग्राम झुण्डिहवा में पहुंचक स्व सहायता समूह की महिलाओ द्वारा किए जा रहे आजीविका मिशन अंतर्गत कार्यो का अवलोकन किया गया।

कलेक्टर ने महिलाओ द्वारा खेतो में उगाई जा रही सब्जियो एवं तैयार किए आम के पेड़ो का खेतो में पहुंचकर अवलोकन किया एवं उनके कार्यो की सराहना की। इसी के साथ गांव में ही स्व-सहायता समूह द्वारा संचालित आटा चक्की का भी अवलोकन किया। कलेक्टर ने स्व सहायता समूह की दीदियों के साथ बैठकर संवाद करते हुयें कहा कि आप के द्वारा किया जा रहा कार्य सराहनीय है। कलेक्टर ने कहा कि स्व सहायता समूह की दीदियां जहां आत्म निर्भर हो रही है, हर्ष का विषय है। समूह के दीदियों को आत्म निर्भर बनाने के लिए जिला प्रशासन के द्वारा जो भी आवश्यकता, होगी उसे पूरा किया जायेगा। कलेक्टर ने समूह की जुड़ी दीदियों को प्रेरित करते हुये कहा कि आप सभी मुर्गी पालन, बकारी पालन, मछली पालन जैसी आजीविका कार्यो को बढ़ावा देने के लिए गांव की महिलाओं का अधिक से अधिक समूह तैयार कर प्रस्ताव प्रस्तुत करें। इन समूहो का पंजीयन कर सीएसआर एवं डीएमएफ मद के माध्यम से आप लोगो का पूरा सहयोग किया जायेगा। साथ ही शासन की जन कल्याणकारी योजनाओ से भी लाभान्वित किया जायेगा।